तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सुरेश कुमार** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353556537967405	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

22/12/25

अपीलार्थी सुरेश कुमार निवासी ग्राम पोस्ट खेड़ा सरेचा तहसील लूणी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 07.10.2025 कृषि भूमि/वाडा इत्यादी आवटंन/नियमन कार्यालय ग्राम पं. सरेचा तहसील लूणी के खसरा संख्या 156, 157, 158, 185, 186, 196 के सभी खातेदारों को कौन से वर्ष में रिकार्ड पर लिया गया, ऐसी सभी पत्रावली रजिस्ट्री आस–पडौस की प्रमाणित प्रतिलिपी के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को, आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपने पत्रांक 1263 दिनांक 02.12.2025 द्वारा अवगत करवाया है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना तहसीलदार लूणी से संबंधित होने के कारण सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत कार्यालय के पत्र दिनांक 09.10.2025 द्वारा अंतरित कर प्रार्थी को सूचित कर दिया गया है। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही शेष नहीं है।

अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर अपील स्वीकार योग्य नहीं होने के कारण खारिज की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.22 10:23:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19509849